दैनिक भास्कर
कुरुक्षेत्र भास्कर 24-05-2022

सरबजोत सिंह दुग्गल, पत्रकार
M. 9817259591

# तकनीकी विकास ने शोध करने के बदले तरीके : शर्मा

शाहाबाद| आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद की यूजीसी सेल व रिसर्च कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं के लिए एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप लगाई गई। वर्कशॉप में मुख्य वक्ता मंजु शर्मा ने छात्राओं को 'खुले शोध उपकरणों' के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी विकास ने आईसीटी आधारित विधियों से शोध करने के तरीकों को बदल दिया है और शोध करने की नई विधियां प्रचलन में आई हैं। वर्कशॉप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता पाहवा ने पौधा भेंट करके मुख्य वक्ता का स्वागत किया। दो सत्रों में संपन्न हुई इस कार्यशाला में मंच का संचालन डॉ. प्रियंका सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. आरती त्रेहान, डॉ. मुमताज, डॉ. हेमा सुखीजा, डॉ. कविता मेहता, डॉ. सिमरजीत कौर, राजिन्द्र कौर, योगिता, रोजी व ममता मौजूद रहीं।

# Capacity Building Workshop






